अफगानिस्तान ने किया पाक पर जवाबी हमला

खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पाकिस्तानी हमले में गुरुवार रात 6 अफगानी मारे गए

● इस्लामाबाद/ राज न्यूज नेटवर्क

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाक सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया।

हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाक ने प्राइवेट एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और यूएन के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाक सुरक्षा अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।

पाकिस्तान ने तालिबान नेताओं के गढ़ को निशाना बनाया: तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है।

▶ ईरान में अमेरिकी विमान केसी-135 हुआ क्रैश, 4 सैनिकों की मौत

ईरान जल्द सरेंडर करेगा, उसके मिसाइल-ड्रोन खत्म होंगे : ट्रम्प

ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी': ईरान की नौसेना और वायुसेना को हुआ बड़ा नुकसान

● तेहरान/ राज न्यूज नेटवर्क



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान जल्द सरेंडर कर सकता है। न्यूज वेबसाइट एक्सियोस के मुताबिक जी-7 नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका-इजराइल के सैन्य अभियान से ईरान पर भारी दबाव बना है।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को बड़ा नुकसान हुआ है और उसकी मिसाइल व ड्रोन क्षमता तेजी से खत्म की जा रही है। उन्होंने ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान से बड़ा असर पड़ा है। इसी बीच पश्चिमी इराक में अमेरिकी एयरफोर्स का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान क्रैश हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक विमान में सवार 6 में से 4 सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि 2 अभी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। इस घटना के बाद ईरान के साथ जारी युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री का दावा, ईरान के नये सर्वोच्च नेता घायल: यूएस रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मुज्तबा खामेनेई घायल हैं और संभवतः उनका शरीर विकृत हो गया है। हेगसेथ का यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता मुज्तबा खामेनेई के उस बयान के एक दिन बाद शुक्रवार को आया, जिसमें उन्होंने (मुज्तबा खामेनेई ने) एक लिखित बयान जारी करके युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया था। अपने पिता की मौत के बाद ईरान के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी संभालने के उपरांत मुज्तबा खामेनेई का यह पहला बयान था। इससे पूर्व कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं।

मोजतबा पर यूएस ने रखा 1 करोड़ डॉलर का इनाम

वाशिंगटन, (आरएनएन)। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई और उनसे जुड़े कई वरिष्ठ अफसरों के बारे में जानकारी देने पर बड़ा इनाम घोषित किया है। वहीं सुरक्षा परिषद के सचिव लारिजारी समेत 10 ईरानी नेताओं पर भी इनाम घोषित किया है। इन लोगों के बारे में ठोस जानकारी देने वाले को अधिकतम एक करोड़ डॉलर तक का इनाम दिया जा सकता है। यह कदम ईरान की सैन्य और सुरक्षा पर दबाव बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की डिप्लोमैटिक सिक्योरिटी सर्विस ने एक बैनर जारी कर उनकी सूची सार्वजनिक की है।

जयशंकर ने चौथी बार ईरानी विदेश मंत्री से की बात

जयशंकर ने ईरान जंग शुरू होने के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से चौथी बार फोन पर बात की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के मुद्दे पर हुई। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई से इलाके में तनाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ईरान की सरकार, जनता और सेना हमलों के खिलाफ अपना बचाव करने के लिए तैयार हैं अराघची ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों को ईरान पर हुए हमलों की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने ब्रिक्स जैसे मंचों से भी इस समय शांति और स्थिरता बनाए रखने में भूमिका निभाने की अपील की। वहीं जयशंकर ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी देशों की जिम्मेदारी है।

ईरान ने क्रूड ऑयल 200 डॉलर पहुंचने की चेतावनी दी थी

अमेरिका ने सभी देशों को रूसी तेल खरीदने 30 दिन की छूट दी

सिर्फ समुद्र में फंसे जहाजों से तेल खरीदने की मंजूरी

● नई दिल्ली/ राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थायी मंजूरी दे दी है।

रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है।

वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने गुरुवार को एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12: 01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इसका मकसद दुनियाभर में तेल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लग सके।

रूस को ज्यादा फायदा नहीं होगा

अमेरिका के ट्रेजरी मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक शॉर्ट-टर्म फैसला है और इससे रूस को कोई बहुत बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा। बेसेंट के मुताबिक रूस की कमाई का बड़ा हिस्सा तेल निकालने के वक्त लगने वाले टैक्स से आता है, जबकि यह छूट सिर्फ उस तेल के लिए है, जो पहले से ही ट्रांजिट (रास्ते) में है।

दो वजहों से अमेरिका ने बदली अपनी नीति

1. होर्मुज रूट से सप्लाई ठप: ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जंग से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में सप्लाई ठप हो गई है। यहां से दुनिया का करीब 20त्न तेल गुजरता है। भारत जैसे देश अपनी जरूरत का करीब आधा तेल इसी रास्ते से मंगाते हैं।

2. 200 डॉलर पहुंच सकता है कच्चा तेल: पिछले कुछ दिनों में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई थीं। ईरान ने चेतावनी दी है कि कीमतें 200 डॉलर तक पहुंच सकती है। ऐसे में रूसी तेल बाजार में आने से सप्लाई बढ़ेगी, जिससे कीमतों में गिरावट आएगी।

2022 में अमेरिका ने लगाई थी रूसी तेल पर रोक: जब फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो पश्चिमी देशों का मानना था कि युद्ध के लिए पैसा रूस को तेल और गैस बेचकर मिल रहा है। इसी फंडिंग को रोकने के लिए अमेरिका और यूरोप ने रूस से तेल खरीदने पर पाबंदी लगानी शुरू की थी।

कच्चा तेल 101 डॉलर प्रति बैरल पार: मिडिल ईस्ट में एनर्जी सप्लाई और इंफ्रास्ट्रक्चर पर हाल ही में हुए हमलों के बाद फिर से कच्चे तेल की कीमतों में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। इस उछाल के साथ ही तेल का दाम एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार हो गया है। बाजारों को सामान्य रखने के लिए स्ट्रैटजिक रिजर्व यानी आपातकालीन भंडार से रिकॉर्ड मात्रा में तेल निकालने का फैसला किया गया है, लेकिन इस फैसले पर भी सप्लाई रुकने का डर भारी पड़ गया है।

अनिल के बेटे जय अंबानी से 6 घंटे की गई पूछताछ

● मुम्बई/ राज न्यूज नेटवर्क



रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में जांच एजेंसी सीबीआई का दायरा बढ़ने लगा है। इस मामले में सीबीआई ने अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी से इस मामले में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि जय आज सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में जांच अधिकारी के सामने पेश हुए और उनसे लगभग साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की गई। उन्हें आगे की पूछताछ के लिए शनिवार को फिर से पेश होने का निर्देश दिया गया है।

चीन देगा हमले में मृत ईरानी छात्राओं के परिजनों को दो लाख डॉलर

● बीजिंग / राज न्यूज नेटवर्क

चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के एक प्राथमिक विद्यालय पर किए गए हमले में जान गंवाने वाली छात्राओं के परिजनों को आपात मानवीय सहायता के रूप में दो लाख यूएस डॉलर की सहायता प्रदान करेगा। हाल ही में ईरान के एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हमले में जान गंवाने वाली छात्राओं के परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति जताता है।



US ने H-1B वीजा देने की प्रक्रिया में बदलाव किया

अब सैलरी के आधार पर होगा चयन,1 अप्रैल से नया फार्म आई-129 लागू होगा

● नई दिल्ली/ राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लॉटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा। कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा।

लेवल	सैलरी	लॉटरी	नई प्रक्रिया
एंट्री	69.83 लाख रु.	29.59 फीसदी	15.29 फीसदी
मिड	83 लाख-1 करोड रु.	29.59 फीसदी	30.58 फीसदी
एक्सपर्ट	1- 1.24 करोड़ रु.	29.59 फीसदी	45.87 फीसदी
टीम लीडर	1.24 करोड़ रु.+	29.59 फीसदी	61.16 फीसदी

तमिलनाडु चुनाव : वीके शशिकला ने नई राजनितिक पार्टी लांच की

चुनाव चिन्ह मिला नारियल के पेड़ का बगीचा

● चेन्नई / राज न्यूज नेटवर्क

एआईडीएमके से निष्कासित और जयललिता की लंबे समय तक सहयोगी रहीं वीके शशिकला ने शुक्रवार को अपनी नई राजनीतिक पार्टी के नाम की घोषणा की है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'ऑल इंडिया पुराची थलाइवर मक्कल मुनेत्र कझगम' रखा है। पार्टी का चुनाव चिह्न 'नारियल के पेड़ों का बाग' होगा। वीके शशिकला ने यह घोषणा ऐसे समय में की है, जब तमिलनाडु में विस चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इस चुनाव में कई पार्टियां अपनी किस्मत आजमाने में लगी हुई है। वीके शशिकला ने कहा पार्टी का चुनाव चिह्न 'एकता' का प्रतीक है और यह संगठन एक 'संयुक्त परिवार' की तरह काम करेगा। शशिकला ने यह भी कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में तमिलनाडु और पुडुचेरी में अपने उम्मीदवार उतारेगी।

M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD
26-Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell/Water Treatment/IInd Call/25-26/2416
Bhopal, Dated : 13.03.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Repair and Maintenance of PLC based CBR-MMS integrated Centralized Automatic Bacteriological Treatment Plant with Online Comprehensive Analyzer at Mandi Yards (APMC - Berasia, District Bhopal, APMC - Sehore, District Sehore, APMC - Ganj Basoda, District Vidisha, APMC - Harda, District Harda, APMC - Pipariya, District Narmadapuram, APMC - Itarsi, District Narmadapuram, APMC - Badnawar, District Dhar, APMC - Khargone, District Khargone, APMC - Ashta, District Sehore, APMC - Burhanpur, District Burhanpur, APMC - Ujjain, District Ujjain, APMC - Dewas, District Dewas, APMC - Neemuch, District Neemuch, APMC - Jaora, District Ratlam, APMC - Agar, District Agar-Malwa, APMC - Guna, District Guna, APMC - Ashoknagar, District Ashoknagar, APMC - Jabalpur, District Jabalpur, APMC - Seoni, District Seoni, APMC - Satna, District Satna) for treatment of water as per BIS standards vide IS:10500-2012. (Tender Number : 2026_MPSAM_490000 (IInd Call), (PAC amount Rs. 380.00 Lakh). The following Tender to be received online up to 5:30 PM on Dated 06.04.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/124907/2026 EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
अरविन्द अस्ताया, कमला बाई, प्रहलादसिंह अस्ताया जमानतदार : आनन्दी लाल खाता सं. LNDEW00621-220218116	7 नवम्बर 2024 ₹ 451282/- 4 नवम्बर 2024	मकान नं. 93 ग्राम मुरमिया में स्थित, पी.एच. नं. 04 (सरल नं. 2034), ग्राम पंचायत मुरमिया, तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.) **क्षेत्रफल 624 वर्ग फीट**	भौतिक कब्जा दिनांक 12 मार्च 2026

दिनांक : 14-03-2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

शुभलक्ष्मी महिला को-ऑपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड, इन्दौर पंजी.क्र: सं.पं./इन्दौर/88/1 दि.26-07-88
(मुख्यालय) शालीमार प्लाजा, 225, आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर फोन 4042654, 2707061, 270998,
ईमेल : shubhlaxmee@hotmail.com **(शाखा स्नेह नगर) फोन** 4230241, 2405591 **(शाखा विजय नगर) फोन** 2556399

रजिस्टर्ड एडी

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **शुभलक्ष्मी महिला को-आपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सिक्युरिटाईजेशन एन्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एन्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेंट) रुल्स 2002 के साथ पठित, सेक्शन 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर, ऋणी को नोटिस की तारीख / नोटिस प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के अन्दर उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिये कहा गया था। ऋणी उक्त राशि चुकाने में असफल रहे है अतः ऋणीयो तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13 (4) एवं उक्त एक्ट के साथ पठित नियम 8 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित संपत्तियों का **'सांकेतिक कब्जा'** उक्त खाते के सामने दर्शाई तारीख को ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणीयो को विशेष एवं जनसाधारण को सामान्य रुप से सचेत किया जाता है कि उक्त संपत्तियों विषयक कोई संव्यवहार न करें। ऐसा कोई मी संव्यवहार वसूल कि जाने वाली उल्लेखित राशि एवं उस पर ब्याज **शुभलक्ष्मी महिला को-आपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन रहेगा।

क्रं.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता	बंधक संपत्ति का विवरण	13 (2) दिनांक एवं चस्पा दिनांक	खाता क्रं. एवं बकाया राशि (रू.)
1	**मे. महेन्द्र इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग वर्कस** (फर्म) **प्रो. श्रीमति अलका जैन** (ऋणी) **पति श्री संतोष कुमार जैन** पताः- न्यू 5/2 पलासिया इंदौर (म.प्र.)	भवन क्रमांक सी एल-128, एल.आई.जी. सुखलिया, तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) **चर्तुःसीमा**- पूर्व- सड़क, पश्चिम- भवन क्रमांक, सी.एल. 129, उत्तर-भवन क्रमांक सी.एल. 127, दक्षिण-सड़क, **कुल क्षेत्रफल**- 405 वर्गफीट	12.12.2025 09.03.2026	1002022000003 दिनांक :- 30.11.2025 13,25,525.60 (अक्षरी रूपए- तेरह लाख पचीस हजार पांच सौ पचीस रूपए व सहाठ पैसे)+ ब्याज एवं अन्य खर्चे
2	**श्री चंद्रकांत पाठक** (सम्पति मालिक एवं जमानतदार) **पिता श्री नारायण प्रसाद पाठक** पता : सी एल-128, एल.आई.जी. सुखलिया, इन्दौर (म.प्र.)			
3	**श्रीमती अर्चना शर्मा** (जमानतदार) पता :- सी डब्लू- 264, एल.आई.जी. सुखलिया, इन्दौर (म.प्र.)			

स्थान : इन्दौर, हस्ते/-प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक : 09.03.2025 शुभलक्ष्मी महिला को-आपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010

ई–नीलामी बिक्री सूचना

सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जैसी है वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर कॉलम जे में दर्शाई तिथि** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम https://www.bankeauctions.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	**लोन नंबर** HL0062910000005039830 **नरेंद्र मंदारे (कर्जदार) राखी नरेंद्र (सह–कर्जदार)**	**08–08–2025 कुल बकायाः रु. 5,32,669/–** (रुपये पाँच लाख बत्तीस हजार छह सौ उनहत्तर मात्र) जो 08–08–2025 तक देय हैं, साथ ही वसूली होने तक 13.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	**मौतिक**	अचल संपत्ति का पूरा भाग – प्लॉट नं. 70, "लाइफ सिटी एक्सटेंशन", सर्वे नं. 58/3/3, ग्राम कालीबिल्लोद तहसील देपालपुर जिला इंदौर (म.प्र.) पर स्थित है, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है और **निम्नानुसार घिरा हुआ है: – सीमाएं:** पूर्व में – अन्य जमीन पश्चिम में – सड़क उत्तर में – प्लॉट नंबर 71 दक्षिण में – प्लॉट नंबर 69	**रू. 405000.00/–** (चार लाख पाँच हजार रुपये मात्र)	**रू. 40500.00/–** (चालीस हजार पाँच सौ रुपये मात्र)	**27-03-2026 शाम 5 बजे से पहले**	**10,000/–**	**23-03-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)**	**30-03-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)**	**निरंक**
2	**ऋण संख्या** LAP05732000000005029720 **संतोष सिंह ठाकुर (कर्जदार) रेणुका ठाकुर (सह–कर्जदार)**	**10–03–2025 कुल बकायाः रु. 11,14,629/–** (रुपये ग्यारह लाख चौदह हजार छह सौ उनतीस मात्र) जो 10–03–2025 तक देय हैं, साथ ही वसूली होने तक 18.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	**मौतिक**	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो मकान नंबर 172 है, ग्राम नवलपुरा, पटवारी हल्का नंबर 25, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन, वार्ड नंबर 09, ग्राम पंचायत नवलपुरा में स्थित है। इसका माप 20x40 फुट है। कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट है। **दस्तावेजों के अनुसार सीमाएँ:**– पूर्व – अरविंद खेड़े का मकान पश्चिम – मुकेश मुन्नालाल का प्लॉट उत्तर – सूरज कमलसिंह का प्लॉट दक्षिण – साझा सड़क	**रू. 1960000.00/–** (उन्नीस लाख साठ हजार रुपये मात्र)	**रू. 196000.00/–** (एक लाख छियानवे हजार रुपये मात्र)	**27-03-2026 शाम 5 बजे से पहले**	**10,000/–**	**23-03-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)**	**30-03-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)**	**निरंक**

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति– संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी–** dharani.p@c1india.com **संपर्क नंबर–9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता उनसे ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी **''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड–** ICIC0000915, **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमन नगर–411014** के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **कॉलम जी में दर्शाई तिथि से पूर्व** जमा करें और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: **पताः** धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010 **मोबाइल नंबर** +91 8281138143 **ई–मेल आईडी** p.adith@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए** https://www.bankeauctions.com **और** www.grihumhousing.com **पर जाएँ।**

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन / 30 (तीस) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।

स्थानः इंदौर हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांकः 14.03.2026 गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर परिषद, बड़ावदा जिला रतलाम (म.प्र.)

E-mail - cmobadawada@mpurban.gov.in

क्रमांक/निर्माण/ई टेंडरिंग/280 **बड़ावदा दिनांक 11–03–2026**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

स. क्र	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD (क्रमशः)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_ 489342_1 **दिनांक** 11-03-2026	Interception AND Diversion of Nallahs with STP works Project of Badawada town under SBM 2 (4nd Call)	12 माह लागत 2,05,08,000/–	15,000/- 1,02,540/-	17-04-2026

नोटः– निविदा से संबन्धित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती कल्पना राजेंद्र कुमावत अध्यक्ष नगर परिषद बड़ावदा
मनोज कुमार शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बड़ावदा